

बड़े फैसले लेने में नहीं हिचकते हार्दिकः राशिद

## टीम के अंदर अच्छा माहौल, कठिन फैसले लेने से नहीं हिचकिचाते

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नवी मुंबई। गुजरात टाइटन्स के लेग स्पिनर राशिद खान का मानना है कि हार्दिक पंड्या अपने प्रेरणादायी प्रदर्शन से आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहे हैं। राशिद खान का कहना है कि हार्दिक ने टीम के अंदर अच्छा माहौल तैयार किया है जिससे पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में भाग ले रही यह टीम अच्छी शुरुआत करने में सफल रही। गुजरात ने पांच मैचों में चार जीत दर्ज की है और वह अंकतालिका में पहले स्थान पर है। हार्दिक रन बनाने के मामले में अभी दूसरे स्थान पर हैं और इसके साथ वह अच्छी गेंदबाजी भी कर रहे हैं। राशिद ने गुजरात की राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 37 रन से जीत के बाद कहा, 'जिस तरह से वह (हार्दिक) टीम की अगुवाई कर रहा है जिस तरह से उन्होंने मैदान के अंदर और बाहर टीम माहौल तैयार किया है वह अभी तक शानदार है।' अफगानिस्तान के इस स्पिनर ने कहा कि हार्दिक साहसिक फैसले करने से नहीं हिचकिचाते हैं। उन्होंने कहा, 'वह ऐसे कप्तान हैं जो हमेशा साहसिक फैसले करते हैं। हमेशा उन्हें भरोसा होता है तथा क्या करना है इसको लेकर उनकी राय स्पष्ट है।'

राशिद ने कहा, 'एक कप्तान के लिये यह महत्वपूर्ण होता है। जब आपकी मनस्थिति साफ हो तो आप सही फैसले करते हो, परिणाम स्वयं ही आपके अनुकूल रहता है।' राशिद ने कहा कि सही समय पर सही फैसले करने के कारण हार्दिक एक अच्छा कप्तान साबित हो रहा है। उन्होंने कहा, 'आप पूरे विश्वास के साथ सही फैसले करते हो, यह ऐसा हैं जो उन्हें सर्वश्रेष्ठ बनाता है। उन्होंने अब तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। चाहे बल्लेबाजी हो, गेंदबाजी या क्षेत्ररक्षण उन्होंने हर विभाग में आगे बढ़कर नेतृत्व किया है।'

# जो रूट ने छोड़ी इंग्लैंड टेस्ट टीम की कप्तानी

क्रिकेट

## बेन स्टोक्स का इमोशनल पोस्ट फैंस की आंखें हुई नम

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। इंग्लैंड क्रिकेट फैंस के लिए आंसुओं को थामना बेहद मुश्किल हो रहा होगा। टेस्ट टीम के कप्तान जो रूट ने अचानक संन्यास का ऐलान कर दिया है। जो रूट ने इंग्लैंड टेस्ट टीम की कमान 2016 में अपने हाथों में ली थी। मैदान में बेहद शांत रहने वाले रूट विश्व स्तर के खिलाड़ी है। उनकी बल्लेबाजी की दुनिया कायल है। जिस तरह जो रूट ने कप्तानी छोड़ी है, उससे करोड़ों फैंस निराश हैं। सोशल मीडिया पर भी फैंस उनको मिस कर रहे हैं और रोने वाले इमोजी भी भेज रहे हैं। इंग्लैंड के खिलाड़ी बेन स्टोक्स ने भी साथी खिलाड़ी को भावुक विदाई पोस्ट लिखा है।



**बेन स्टोक्स का भावुक मैसेजः** बेन स्टोक्स ने लिखा है कि मेरे दोस्त आपके साथ बहुत अच्छा सफर रहा। मेरे एक महान साथी को मैदान पर ले जाते हुए देखना मेरे लिए सौभाग्य की बात थी। आपने इंग्लिश क्रिकेट को सब कुछ दिया है और हम सब आपके बलिदान और कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद कहना चाहते हैं। इसके साथ ही बेन स्टोक्स ने अपने साथ एक तस्वीर भी पोस्ट की है। जैसे ही बेन स्टोक्स ने ये तस्वीर पोस्ट की है वैसे ही फैंस शॉक्ड हो गए। फैंस बोल रहे हैं उनकी कप्तानी को वो मिस करेंगे। मैदान पर जिस तरह शांत होकर रूट प्लान करते थे हर कोई उनका फैन था।

**शानदार रहा सफरः** इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान जो रूट ने कप्तानी से इस्तीफा दे दिया है। वेस्टइंडीज से सीरीज हारने के बाद जो रूट ने कप्तानी से इस्तीफे की घोषणा की है। जो रूट बीते पांच साल से टीम की कमान संभाल रहे थे। रूट ने 64 टेस्ट मैचों में टीम का नेतृत्व किया। रूट की कप्तानी में इंग्लैंड ने 27 मैचों में जीत दर्ज की। इंग्लैंड का ये रेकॉर्ड भी है। रूट की कप्तानी में इंग्लैंड टेस्ट टीम ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। हालांकि, जो रूट पिछले एक साल से संघर्ष कर रहे हैं। पिछले एक साल में हुए 17 मुकाबलों में टीम को सिर्फ एक मैच में जीत मिली है जबकि 11 मुकाबलों में हार मिली है।

**टीम के साथ जुड़े रहेंगेः** 31 साल के विश्व स्तरीय बल्लेबाज जो रूट टीम के साथ बतौर बल्लेबाज जुड़े रहेंगे। रूट ने कहा कि कैरेबियाई दौरे से लौटने के बाद फैसले पर उन्होंने काफी विचार विमर्श किया। इसके बाद इंग्लैंड टेस्ट टीम के कप्तान का पद छोड़ने का फैसला किया है। रूट ने आगे कहा है कि यह मेरे करियर में सबसे चुनौतीपूर्ण निर्णय रहा है, लेकिन मैंने अपने परिवार और मेरे सबसे करीबी लोगों के साथ इस पर चर्चा की है। मुझे पता है कि समय सही है।

# जोस बटलर ने मैच के बीच ही उतार दी ऑरेंज कैप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पंड्या की आज हर तरफ चर्चा हो रही है। पहली बार आईपीएल में जुड़ी गुजरात टाइटंस पॉइंट टेबल पर नंबर वन तक पहुंच गई है। इस टीम की कमान हार्दिक पंड्या ही संभाल रहे है। गुरुवार को मुकाबला था गुजरात टाइटंस और राजस्थान रॉयल्स के बीच।

इस मैच में एक खूबसूरत वाक्या देखने को मिला। गुजरात टाइटंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट खोकर 192 रन बनाए। अब राजस्थान को जीत के लिए 193 रनों की जरुरत थी। जोकि राजस्थान नहीं बना पाई और मैच गंवा दिया मगर राजस्थान के खिलाड़ी जोस

### पंड्या के पास पहुंची थी ऑरेंज कैप

बटलर ने फैंस का दिल जीत लिया। मैच से पहले जोस बटलर के पास ऑरेंज कैप थी। मगर पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात के कप्तान हार्दिक पंड्या ने 52 गेंदों पर 8 चौकों और 4 छक्कों की मदद से 87 रन की नाबाद पारी खेली और बटलर से ऑरेंज कैप छीन ली। इस पारी के साथ पंड्या के इ

स सीजन 228 रन हो गए हैं। ऐसे में अब ऑरेंज कैप बटरल के पास से छिनकर पंड्या के पास चली गई। जैसे ही पंड्या बटलर से आगे निकले वैसे ही जोस ने अपनी ऑरेंज कैप हटा के अलग रख दी। ये देखकर पंड्या भी मुस्करा गए।

**कुछ मिनटों के लिए ही मिली अहरेंज कैपः** हालांकि पंड्या को ऑरेंज कैप का सुख कुछ मिनटों का ही मिला। पहली पारी के बाद हार्दिक पांड्या जोस बटलर से महज 10 ही रन आगे थे। जैसे ही जोस बटलर की बारी आई उन्होंने पंड्या से फिर से कैप छीन ली।

जोस बटलर ने इंग्लैंड के इस खिलाड़ी ने मोहम्मद शमी के पहले ओवर में चौकों की हैट्रिक लगाकर ऑरेंज कैप पर अपनी बादशाहत फिर कायम की। बटलर यहीं नहीं रुके उन्होंने अपनी इस लीड को बढ़ाया और 24 गेंदों पर 8 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 54 रनों की धमाकेदार पारी खेली। बटलर की पारी का अंत लॉकी फर्ग्युसन ने उन्हें बोल्ड करके किया।

## शास्त्री ने बताया टीम इंडिया की कौन सी हार उन्हें सबसे ज्यादा चुभी थी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के पूर्व हेड कोच रवि शास्त्री अपने बेबाक अंदाज के लिए जाने जाते हैं। उनके 4 साल के कोचिंग कार्यकाल के दौरान टीम ने कई उपलब्धियां अपने नाम की। इस दौरान टीम ने दो बार आस्ट्रेलिया का दौरा किया और जीत हासिल की। टेस्ट मैच में शानदार प्रदर्शन के अलावा टीम ने इस दौरान वनडे में भी कमाल का प्रदर्शन किया। लेकिन जब शास्त्री से इस बारे में पूछा गया कि आखिर कौन से मैच का परिणाम वे बदलना चाहेंगे तो उन्होंने 2019 क्रिकेट वर्ल्ड कप सेमीफाइनल का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उस हार को पचाना बेहद मुश्किल था। 2019 वर्ल्ड कप सेमीफाइनल मैच से पहले भारतीय टीम शानदार लय में थी लेकिन इस मैच में उसे न्यूजीलैंड के हाथों 18 रनों से हार का सामना करना पड़ा था। इस मैच में भारतीय टीम के प्रदर्शन ने करोड़ों भारतीय फैंस की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। सेमीफाइनल मैच बारिश के कारण दो दिनों में पूरा हुआ था। पहले दिन न्यूजीलैंड की टीम ने 8 विकेट पर 239 रन बनाए थे लेकिन बारिश ने सब कुछ बिगाड़ दिया।

## न्यूज डायरी



### लियोनेल मेसी के बिना बार्सिलोना की हालत खराब, यूरोपा लीग से भी बाहर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। बार्सिलोना का लियोनेल मेस्सी के बिना यूरोपीय चैंपियनशिप में पहला सत्र बद से बदतर हो गया है। चैंपियन्स लीग से बाहर होने के बाद स्पेन का यह शीर्ष फुटबॉल क्लब दूसरी श्रेणी के यूरोपा लीग में क्वार्टर फाइनल से आगे नहीं बढ़ पाया। जर्मनी के आइंट्राच्ट फ्रैंकफर्ट क्लब ने कैंप नोउ में खेले गये मैच में बार्सिलोना को 3–2 से हराकर 4–3 के कुल योग से यूरोपा लीग के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। बार्सिलोना को खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था, लेकिन इस हार के कारण उसका दूसरे स्तर के क्लब टूर्नामेंट को जीतने का सपना भी चकनाचूर हो गया। फ्रैंकफर्ट सेमीफाइनल में वेस्ट हैम से भिड़ेगा। प्रीमियर लीग के इस क्लब ने लियोन को कुल 4–1 के स्कोर से पराजित करके 1976 के बाद पहली बार किसी यूरोपीय प्रतियोगिता के अंतिम चार में जगह बनायी। रेंजर्स ने एक अन्य मैच में ब्रागा को 3–2 से हराया।

### आर अश्विन के रिटायर्ड आउट के बाद छिड़ी बहस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की ओर से खेल रहे रविचंद्रन अश्विन ने बीते रविवार को एक चाल चली। लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ उस मैच में उनकी टीम की जीत से ज्यादा उनके रिटायर्ड आउट वाली चाल की चर्चा रही। अश्विन ने बाद में प्रतिक्रिया दी कि क्रिकेट में तो हम इस तरह की स्ट्रैटिजी को अपनाने में काफी देरी कर चुके हैं। अश्विन ने कहा कि जिस तरह फुटबॉल में सब्स्टिट्यूट का इस्तेमाल होता रहा है, उसी तरह उन्होंने रिटायर्ड आउट का इस्तेमाल किया। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह की चीजें आगे भी देखने को मिलेंगी। सही है, खेल में प्रयोग होते भी रहना चाहिए। हालांकि, अगर अश्विन ने वह चाल बैटिंग करते हुए चली। मगर, क्या हो अगर एक बोलर भी अपने ओवर के बीच में श्टिायरश होना चाहे? रिटायर चोट की वजह से नहीं बल्कि अपनी खराब लय या पिटने की वजह से। क्योंकि बोलर तो पैर, कमर, पीठ या हाथ की मांसपेशियों में खिंचाव या फिर गिरने, फिसलने से चोटिल होने की स्थिति में तो मैदान से बाहर जाते रहे हैं।

### बाबर आजम का कद वसीम, मियांदाद, इंजमाम, वकार से बेहतर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। वर्ल्ड क्रिकेट में इन दिनों बाबर आजम ने अपनी बल्लेबाजी से सबको खूब प्रभावित किया है और उन्हें मार्च महीने के लिए आइसीसी ने बेस्ट मेल प्लेयर आफ द मंथ भी चुना। हाल ही में आस्ट्रेलिया टीम पाकिस्तान दौरे पर गई थी और इस क्रिकेट सीरीज के दौरान बाबर आजम ने टेस्ट व वनडे में जमकर रन भी बनाए। अब बाबर आजम को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व खिलाड़ी राशिद लतिफ ने एक बोल्ड स्टेटमेंट जारी की और उन्होंने बाबर आजम को मौजूदा दौर का डान ब्रैडमैन और ब्रायन लारा करार दिया। लतीफ ने पाकिस्तान के मौजूदा कप्तान को वसीम अकरम, जावेद मियांदाद, वकार यूनुस और इंजमाम–उल–हक जैसे दिग्गजों से भी ऊपर रखा। लतीफ ने क्रिकेट डेन के यूट्यूब चौनल पर 27 साल के बाबर आजम के बारे में कहा कि मैंने साल 2019 में एक ट्विट किया था और उस वक्त हम इंग्लैंड दौरे पर थे।

### हार्दिक पांड्या ने बताया किस नंबर पर बल्लेबाजी करके वो कर सकते हैं कंट्रोल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नवी मुंबई। गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने आइपीएल 2022 के 24वें लीग मैच में राजस्थान के खिलाफ कप्तानी पारी खेलते हुए अपनी टीम के लिए नाबाद 87 रन की पारी खेली। इस पारी के दम पर गुजरात ने 20 ओवर में 4 विकेट प 192 रन बनाए और इसके जवाब में संजू सैमसन की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 155 रन बनाए और इस टीम को 37 रन से हार मिली। राजस्थान के खिलाफ हार्दिक चार नंबर पर बल्लेबाजी करने आए थे और फिर उन्होंने अपनी टीम की पारी को संवारने का काम काफी अच्छे तरीके से किया।